# राष्ट्रीय सेवा योजना

## शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा

## प्रतिवेदन

**सात दिवसीय विशेष शिविर**
**ग्राम–कारली, जिला दन्तेवाड़ा**
**03 से 09 जनवरी 2020**
**थीम – नरूवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी, बाल संरक्षण और स्वच्छता**

दंतेवाडा जिले के ग्राम कारली के सामुदायिक भवन में दिनांक 03.01.2020 से 09.01.2020 तक शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा की छात्राओं का एन.एस.एस. का विशेष वार्षिक शिविर का आयोजन स्वयंसेविकाओं कार्यक्रम अधिकारी के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ 03 जनवरी 2020 को शुरू हुआ ।

जैसा की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयं सेवक प्रतिवर्ष अपने महाविद्यालय से 08 कि.मी. के दायरे में समाज सेवा, समाज की आवश्यताओं को जानने की उनकी कठिनाईयों को समझने की, यथा संभव समस्याओं का जन सहयोग से समाधान करने के साथ ही स्वयं संवको के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य को लेकर समूह कार्य करते हैं। इन्ही उद्देश्यों को ध्यान में रखकर और इस वर्ष के शिविर थीम **नरूवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी, बाल संरक्षण और स्वच्छता** को लेकर हम ग्राम कारली में आए।

शिविर की दिनचर्या निर्धारित जिसमें सुबह 4 से रात 10 बजे तक गतिविधियां होनी थी आते ही हमने अपने स्वयं सेवकों को 5 ग्रुप मे गंगा, जैविक, कामधेनु, स्वच्छ एवं बालअधिकार में विभाजित कर दिया हम प्रति दिन नित्यकर्म से निवृत हो प्रभातफेरी को अलग–अलग पारा मुहल्ले में निकलते थे जिसमें बैंड, नारों, गीतों, के माध्यम से संदेश देते जब तक हम प्रभातफेरी से आते हमारे योग प्रशिक्षक श्री गोवर्धन सर और पूनम दीदी जो हमे योग का प्रशिक्षण देते थें आ चुके होते फिर हम विभिन्न योगासन , ताड़ासन, भस्त्रिका , वज्रासन, मयूरासन करते जिससे छात्राऐं स्वयं को प्रसन्न महसूस करती । योग के पश्चात नाश्ता चाय फिर हम समूहो में बंटकर परियोजना कार्य करते स्नान, भोजन, विश्राम के पश्चात बौद्विक परिचर्चा फिर देशी खेल, थीम बेस सर्वे, शिविर चर्चा और फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम ये हमारा प्रत्येक दिन की निर्धारित गतिविधियां थी ।

**शिविर में सम्पन्न गतिविधियाँ निम्नवत् है –**

1. शिविर के प्रथम दिन दिनांक 03/01/2020 मौसम विपरित था फिर भी हमारे जोशिले स्वयंसेवको ने शिविर स्थल की साफ सफाई की मंच तैयार कर ध्वजारोहण हेतु चबुतरा और खंभे लगाये गोबर से लिपाई की पंचायत से सम्पर्क कर कुर्सियों का इन्तजाम किया पर तभी बारिश शुरू हो गई और तोरण भीग गया लिपाई धुल गई पर जैसे ही बारिश रूकी हमारे स्वयंसेवको ने पुनः व्यवस्था बनाई और कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. हिरकने सर ने ध्वजारोहण कर छात्राओं को संबोधित किया आत्मानुशासन और स्वास्थ्य का ध्यान रखने को कहा इस अवसर पर लक्ष्य गीत गाया गया । कार्यक्रम में एन.एस.एस. के जिला संगठक श्री एस. के. नेताम, सहायक प्राध्यापक श्री सुधीर सर, श्री सुरेन्द्र कुमार साहू, डॉ. विवेक शर्मा हा.से. स्कूल के प्राचार्य श्री ठाकुर सर श्री देवांगन सर विद्यालय का समस्त स्टाफ छात्र छात्राऐं ग्रामीण जन उद्घाटन में उपस्थित रहे ।

2. शिविर के दूसरे दिन दिनांक 04/01/2020 को निर्धारित परियोजना कार्य शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई परिसर का घेराव साज सज्जा समतलीकरण तोरण लगाना किया गया साथ ही दो गढ्ढे बनाऐ गये एक मे गीला कचरा एक में सूखा कचरा का बोर्ड लगाया पानी बहाव के लिए नाली बनाये गये एवं जाम नाली का सफाई किया गया । सभी ग्रुप अपना कार्य निर्धारित समय पर खत्म करके स्नान भोजन विश्राम के पश्चात बौद्विक परिचर्चा की तैयारी में लग गई आज की परिचर्चा जल संरक्षण विषय पर आधारित थी, जिसमें जिला कार्यालय से श्री निलेश

कुमार देवांगन जिला कार्यक्रम प्रबंधक और उमेश पाल ने बच्चों को नरूवा (जल संरक्षण) पर मार्गदर्शन दिया साथ ही एन.एस.एस. के महत्व को बताया । इसी दिन हमारे शिविर में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू सर इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र का आगमन हुआ और उन्होने हमें केन्द्र के भ्रमण के लिये कहा हमने तुरन्त तैयारी की उन्होंने वाहन की व्यवस्था की और हम सभी निकल पड़े कृ.वि.के. की ओर जहां कृषि वैज्ञानिक डॉ. भुजेन्द्र कोठारी ने हमें पूरे विज्ञान केन्द्र का भ्रमण करा जानकारी दी जिसमें बच्चों ने कड़कनाथ मुर्गे की हेचिंग मशीन के माध्यम से कैसे की जाती है । मधुमक्खी कैसे शहद बनाती है, नेक्टर, फ्लावरिंग, किस तरह शहद बनता है और यदि फ्लावरिंग नहीं होती तो वह शहद से ही काम चला लेती है । ड्रीप और स्प्रींकल सिस्टम से सिंचाई किस तरह से होती है वर्मी कम्पोस्ट कैसे तैयार होता है। सीडलेस अमरूद कैसे तैयार होता है ऐसी बहुत सी जानकारी प्राप्त की।

3. शिविर के तीसरे दिन दिनांक दिनांक 05/01/2020 में हमने पंचायत कर्यालय, स्टेट बैंक, उपस्वास्थ्य केन्द्र, पोस्ट आफिस के अन्दर एवं बाहर के परिसर की साफ–सफाई की शिविर स्थल के चारो ओर तोरण का घेरा लगाया गया। बौद्विक परिचर्चा में आज हमारी चर्चा का विषय था **गरूवा** जिसमें पशुपालन विभाग से डॉ. ए.पी. दोहरे डॉ. विवेक पटेल एवं डॉ. दुर्गम शामिल हुए उन्होने बच्चों को पशुओं के रख–रखाव की जानकारी दी। डॉ. ए.पी. दोहरे ने पशुओं के रख–रखाव एवं आर्थिक लाभ से संबंधित बहुत सी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया साथ ही पशुओं को होने वाली रोग व टीकाकरण के बारे में जानकारी दी, साथ ही गोशाला एवं गोठान का भ्रमण कराने का वादा किया । बौद्विक परिचर्चा के बाद सर्वे में आज हम कारली के झामुपारा गए।

4. शिविर के चौथे दिन दिनांक 06/01/2020 परियोजना कार्य में झामुपारा के जल स्त्रोंतों के आस पास सफाई की गई। बौद्विक परिचर्चा में आज हमारी विषय था बाडी जिस पर चर्चा के पश्चात हम सभी पं.दीन दयाल गौ संवर्धन केन्द्र एवं गोठान के भ्रमण पर गये जहां डॉ. ए.पी. दोहरे ने इसके उद्देश्य और कार्यों का प्रत्यक्ष विवरण प्रदान किया जहां गौ शाला में एन.एस.एस. की टीम को मठा पिलाया और पियुष से बनी मिठाई खिलाए ।

5. शिविर के पाँचवे दिन दिनांक 07/01/2020 हमारे परियोजना कार्य में नदी पर चेक डेम बनाने की योजना थी पर जब वहां गये तो नदी का बहाव बहुत तेज था जहां बहाव कम था वहां मिट्टी पत्थर से प्रयास किया गया साथ की जल संरक्षण के लिए किस तरह चेक डेम बनाया जा सकता है जिससे पानी के व्यर्थ बहाव का रोका जा सके और ग्रीष्म में भी ग्रामीण जनों एवं पशु पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध करा सकते हैं। फिर कारली के आश्रम शाला गये जहां हमने स्कूल के प्रधान अध्यापक महोदय जी से एवं आश्रम के अधीक्षक से मुलाकात की बच्चों के साथ हमारे स्वयं सेविकाओं ने पहाड़ में आग लगी दौड़ो–दौड़ो खेल खेला एवं आश्राम के पोषण वाटिका को देखा अपने कैम्प के उद्देश्य के में बात की। बौद्विक परिचर्चा में आज का विषय था बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण जिसमें महिला बाल विकास से डी.सी.पी.ओ. आर.एस. सनाढ्य काउन्सलर शशीकान्त झा बाल कल्याण समिति से श्री रामकुमार पटेल, श्री हरीश पटेल साथ ही चाइल्ड सोशल वर्कर कमलेश सर शामिल थे बच्चों का अधिकार जिसमें जीवन जीने का अधिकार शोषण के विरूद्व अधिकार समानता का अधिकार एवं बच्चों के लिए बने कानूनों एवं योजना की जानकारी दी बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा किये जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया उसी चर्चा के बीच ग्राम सरपंच सावित्री मेडम का आगमन हुआ जिन्होने केम्प के माध्यम से किये जाने वाले कार्यों की सराहना की ।

7. कार्यक्रम के छठवें दिन दिनांक 08/01/2020 निर्धारित गतिविधियों के साथ ही बौद्विक परिचर्चा का विषय स्वच्छता एवं कचरे का उचित प्रबंधन था जिसमें नगर पलिका दंतेवाड़ा से प्रभारी सी.एम.ओ. श्री अमरेश सिंह जी श्री मनोज गुप्ता एकाउन्टेड न.पा. दंतेवाड़ा साथ ही रेवेन्यु इंसपेक्टर श्री भूषण देशमुख जी आये और इस परिचर्चा सत्र में विषयवार बात रखी उन्होने बताया की जिसे हम कचरा कहतें हैं वो कचरा नहीं सोना है जिसका उचित प्रबंधन किया जाय तो आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। गीले कचरे को ढब्बा भर जाने पर उसे कुछ दिन के लिए ढक दें वह खाद बन जायेगा जो की फसलों के लिए बहुत ही अच्छा पोषक तत्व होता है और उसे सुखे कचरे से प्लास्टिक और कांच अलग अलग कर बेचें तो यह रिसायकल होता है । अपने परिवेश को स्वच्छ बनायें इस सत्र में बच्चों ने बहुत से सवाल पूछे जिसका जवाबआये हुये अधिकारीयों ने दिया।



CamScanner

8. कार्यक्रम के सातवें दिन दिनांक 09/01/2020 का शिविर समापन का दिन था स्वये सेविकायें जोर–शोर से कार्यक्रम के समापन समारोह की तैयारी में लगी हुई थी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे हायर सेकण्डरी स्कूल कारली के प्राचार्य श्री ठाकुर सर अध्यक्षता कर रहे थे प्राचार्य डॉ आर. के हिरकने सर विशिष्ट अतिथि रहे डॉ. के.एम. प्रसाद, डॉ. शिखा सरकार, डॉ. रत्नबाला मोहन्ती, डॉ. विवेक शर्मा, श्री एस.के. साहू, समापन समारोह में स्वागत नृत्य के साथ स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अर्चना झा द्वारा एन.एस. एस की मुख्य उद्देश्य समाज के विकास हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों तथा सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में बताया गया अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिविर की सराहना की । प्राचार्य द्वारा ध्वजावतरण कर कार्यक्रम अधिकारी को ध्वज सौंपा गया इसके साथ की सात दिवसीय शिविर सम्पन्न हुआ ।

संलग्न :– पेपर कटिंग ।

प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
कार्यक्रम अधिकारी
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

CamScanner